# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Web: www.vbspu.ac.in Email:connectpuregistrar@gmail.com

प्रेषक : कुलसचिव,
वी०बी०एस०पू० विश्वविद्यालय, जौनपुर।

पत्रांक : 3250 / पू.वि.वि. / कु०स० / 2025
दिनांक : 22 मार्च, 2025

सेवा में,

प्राचार्य / प्रबन्धक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, जनपद–जौनपुर,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल वि०वि०, जौनपुर।

**विषयः– जिला मुख्यालय से प्राप्त टैबलेट / स्मार्टफोन अर्ह छात्र / छात्राओं को वितरित कर सूचना सम्बन्धित पोर्टल पर अपलोड करने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या 3220 / पू.वि.वि. / कु०स० / 2025 दिनांक 27 जनवरी, 2025, पत्र संख्या 3223 / पू.वि.वि. / कु०स० / 2025 दिनांक 07 फरवरी, 2025, पत्र संख्या 3224 / पू.वि.वि. / कु०स० / 2025 दिनांक 10 फरवरी, 2025 एवं पत्र संख्या 3232 / पू. वि.वि. / कु०स० / 2025 दिनांक 28 फरवरी, 2025 द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध जनपद जौनपुर के समस्त महाविद्यालयों को उत्तर प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत अध्ययनरत अर्ह छात्र / छात्राओं को टैबलेट / स्मार्टफोन जन प्रतिनिधि के माध्यम से छात्र / छात्राओं को वितरित करने हेतु अनुरोध किया गया था तथा छात्र / छात्राओं को टैबलेट / स्मार्ट फोन वितरित न करने वाले महाविद्यालयों की सूची भी व्हाट्सऐप ग्रुप में प्रेषित की गयी थी। किन्तु अभी भी अध्ययनरत समस्त अर्ह छात्र–छात्राओं को टैबलेट / स्मार्टफोन वितरित नहीं हुए है।

अतः अपर जिलाधिकारी महोदय, जनपद–जौनपुर से हुई वार्ता के क्रम में आप सभी को सूचित किया जाता है कि जिला प्रशासन के पास उपलब्ध टैबलेट / स्मार्टफोन प्राप्त करते हुए अपने–अपने महाविद्यालय में अध्ययनरत जिन अर्ह छात्र / छात्राओं को टैबलेट / स्मार्टफोन वितरित नहीं हुए है उन्हें जन प्रतिनिधि के माध्यम से अतिशीघ्र वितरित करते हुए नियमानुसार सूचना पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

कुलसचिव
22/3/25

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. जिलाधिकारी महोदय, जनपद–जौनपुर को सूचनार्थ।
2. अपर जिलाधिकारी, जनपद–जौनपुर ।
3. वित्तअधिकारी ।
4. परीक्षा नियन्त्रक को इस आशय से कि उक्त पत्र महाविद्यालयों के लॉगिन पर प्रेषित कराने का कष्ट करें।
5. निजी सचिव, कुलपति, मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. प्रभारी, वेवसाइट को इस आशय से कि उपर्युक्त सूचना विश्वविद्यालय वेवसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

कुलसचिव